अत्यंत गोपनीय - केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

**सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, फरवरी-2024**

**अंक-योजना - विषय : हिंदी (आधार)**

**विषय कोड संख्या : 302, प्रश्न पत्र कोड : 2/5/1, 2/5/2, 2/5/3**

**सामान्य निर्देश :-**

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी त्रुटि भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को **पढ़ और समझ** लें।
2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक होना परीक्षा प्रणाली के लिए उपयुक्त नहीं है, जो लाखों परीक्षार्थियों के भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति दस्तावेज़ को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है|
3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से निष्ठापूर्वक किया जाए। **हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।**
4. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य बिंदु शामिल हैं, ये केवल दिशा निर्देशों की प्रकृति में हैं और संपूर्ण उत्तर का गठन नहीं करते हैं। परीक्षार्थी अपनी अभिव्यक्ति कर सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है तो उचित अंक दिए जाएँ।
5. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।
6. परीक्षक सही उत्तर पर सही का चिह्न (√) लगाएंगे और गलत उत्तर पर गलत का (×) चिह्न लगाएँगे। परीक्षक द्वारा मूल्यांकन करते समय सही का चिह्न (√) न लगने पर यह आभास होगा कि उत्तर सही है और कोई अंक नहीं दिया गया है। परीक्षकों द्वारा यह त्रुटि सर्वाधिक की जाती है।
7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर **दायीं ओर** अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग **बायीं ओर** के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। **इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।**
8. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हों तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता का पालन किया जाए।
9. यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न का उत्तर दे दिया है, तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उसे ही स्वीकार करें। दूसरे उत्तर को “अतिरिक्त प्रश्न” टिप्पणी के साथ काट दिया जाना चाहिए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उस पर एक से अधिक बार अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन 20 उत्तर-पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं।

13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें, जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं ।

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि होना।
- योग का अंकों और शब्दों में मेल न होना।
- उत्तर पुस्तिका से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि होना ।
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना, किंतु अंक न देना (सुनिश्चित करें कि (√) या **(×)** का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो।)
- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो, किंतु अंक न दिए गए हों।

14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।
15. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना, मूल्यांकन समिति के सभी लोगों की छवि और बोर्ड की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।
16. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।
17. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है। आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में सही लिखा गया है।
18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देता है । सभी परीक्षकों/अतिरिक्त प्रधान परीक्षकों/प्रधान परीक्षकों को एक बार पुनः याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य बिंदुओं के अनुसार सख्ती से किया जाए।

**सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा फरवरी -2024**

**अंक योजना : हिन्दी आधार प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या 2/5/1, 2/5/2, 2/5/3**

**कक्षा : XII**

अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है।
- वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।
- यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उन्हें अंक दिए जाएँ।
- मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।

खंड-अ

40 अंक

(बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर)

| **प्रश्न सं** | **प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या** | | | **उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु** | **निर्धारित अंक विभाजन** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2/5/1** | **2/5/2** | **2/5/3** | | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | अपठित बोध - गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | **10x1=10** |
| | **(i)** | **(i)** | **(i)** | (C) ऐसी रोबोटिक मशीन जिससे मनुष्य बात कर सके | **1** |
| | **(ii)** | **(ii)** | **(ii)** | (D) सूचना के स्रोतों की जानकारी प्रदान करना। | **1** |
| | **(iii)** | **(iii)** | **(iii)** | (B) प्रतिक्रिया में मुखर होना और जिज्ञासा पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करना। | **1** |
| | **(iv)** | **(iv)** | **(iv)** | (C) कथन (I) और (IV) सही हैं । | **1** |
| | **(v)** | **(v)** | **(v)** | (A) चैटबॉट द्वारा कभी-कभी गलत और दोषपूर्ण जानकारी देना। | **1** |
| | **(vi)** | **(vi)** | **(vi)** | (B) एलिजा | **1** |
| | **(vii)** | **(vii)** | **(vii)** | (A) गलत सवालों को पहचानने की क्षमता का न होना। | **1** |
| | **(viii)** | **(viii)** | **(viii)** | (A) प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण हेतु | **1** |
| | **(ix)** | **(ix)** | **(ix)** | (D कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है । | **1** |
| | **(x)** | **(x)** | **(x)** | (B) इस दुनिया में स्वरबद्ध शब्दों का महत्त्व बढ़ रहा है । | **1** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| 2 | 2 | 1 | 2 | अपठित बोध - पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 5x1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) संख्याओं का जन्म हमारे साथ ही हुआ है। | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) हमारे शरीर में सारी संख्याएँ समाई हुई हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) देह की संख्याएँ आठ की संख्या कैसे निर्धारित करती है? | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) शरीर | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (C) संख्याओं का जन्म शब्दों से पहले होने के कारण | 1 |
| 3 | 3 | 6 | 4 | अभिव्यक्ति और माध्यम पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 5X1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (A) संपादक के नाम पत्र | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) खबरों के संप्रेषण और पुष्टि के लिए बैकग्राउंड तैयार कराने में सहायक होना। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) पत्रकारीय लेखन | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (C) (A) और (B) दोनों रूप में | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (B) समाचार | 1 |
| | | | | पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | |
| 4 | 4 | 4 | 5 | काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 5X1=5 |
| | (i) | (i) | (i) | (B) समय पर संजीवनी बूटी लाने के कारण | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (D) लक्ष्मण का स्वस्थ होना। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) लक्ष्मण की मूर्च्छा भंग होने का | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है । | 1 |
| | (v) | (v) | (v) | (B) युद्ध में सहायता पाने | 1 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2/5/1** | **2/5/2** | **2/5/3** | | |
| 5 | **5** | **3** | 6 | गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | **5X1=5** |
| | **(i)** | **(i)** | **(i)** | (C) उसके रोने-पीटने से अपशकुन होना। | **1** |
| | **(ii)** | **(ii)** | **(ii)** | (A) खुशी का समाप्त हो जाना | **1** |
| | **(iii)** | **(iii)** | **(iii)** | (A) उसके प्रति सहानुभूति | **1** |
| | **(iv)** | **(iv)** | **(iv)** | (A) सास द्वारा भक्तिन का साज-श्रृंगार कर पिता के घर विदा करना। | **1** |
| | **(v)** | **(v)** | **(v)** | (A) दुखी अपमानित भक्तिन उल्टे पैरों ससुराल लौट आई । | **1** |
| 6 | **6** | **5** | **3** | पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | **10X1=10** |
| | **(i)** | **(i)** | **(i)** | (A) पत्नी-बच्चों से मतभेद होने के कारण | **1** |
| | **(ii)** | **(ii)** | **(ii)** | (A) वह रिटायरमेंट के बाद गाँव में बसना चाहते थे ।<br>(B) उन्हें तीनों में से किसी एक लड़के का सरकारी नौकरी में आने का विश्वास था ।<br>(दोनों उत्तर स्वीकार्य) | **1** |
| | **(iii)** | **(iii)** | **(iii)** | (C) यशोधर बाबू के घर चाय पीने की | **1** |
| | **(iv)** | **(iv)** | **(iv)** | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है। | **1** |
| | **(v)** | **(v)** | **(v)** | (D) विवशता | **1** |
| | **(vi)** | **(vi)** | **(vi)** | (C) बस अड्डे पर पोटली सँभाले बस की प्रतीक्षा करते लड़के से | **1** |
| | **(vii)** | **(vii)** | **(vii)** | (A) पाठशाला में आनंदा की खिल्ली उड़ाई जा रही थी । | **1** |
| | **(viii)** | **(viii)** | **(viii)** | (B) महाकुंड के चारों तरफ साधुओं के कक्ष बने हुए हैं । | **1** |
| | **(ix)** | **(ix)** | **(ix)** | (B) गढ़ - महंतों की समाधियाँ | **1** |
| | **(x)** | **(x)** | **(x)** | (A) महाकुंड | **1** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | खंड - ब<br>(वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर)<br>जनसंचार और सृजनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर | 40 अंक |
| 7 | 7 | 12 | 12 | किसी एक विषय पर रचनात्मक लेख<br>• आरंभ - 1<br>• विषयवस्तु - 3<br>• प्रस्तुति - 1<br>• भाषा - 1 | 6 |
| 8 | 8 | 14 | 13 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X2=4 |
| | (i)(क) | (i)(क) | (i)(क) | • स्वगत कथन का प्रयोग-लेखक द्वारा मंच के कोने में जाकर अपने संवाद बोलना।<br>• वायस ओवर का प्रयोग (दर्शक को सुनाई देना पर पात्र का न बोलता)<br>• फ़्लैशबैक शैली का उपयोग<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | अथवा<br>(i)(ख) | अथवा<br>(i)(ख) | अथवा<br>(i)(ख) | • छात्रों की कल्पना शाक्ति व रचनात्मक कौशल के आधार पर रावण - कुम्भकरण के मध्य संवाद स्वीकार्य | 2 |
| | (ii)(क) | (ii)(क) | (ii)(क) | • लेखन का अभ्यास कम होना<br>• रटंत पर निर्भर रहना<br>• मौलिकता का अभाव होना<br>• विषय से संबंधित सामग्री की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता एवं उस पर निर्भरता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (ii)(ख) | (ii)(ख) | (ii)(ख) | सिनेमा / रंगमंच -<br>• दृश्य एवं श्रव्य माध्यम<br>• नाटक की भाषा क्रियात्मक, दृश्यात्मक होना<br>• मंच सज्जा, वेश भूषा का महत्त्व<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>रेडियो -<br>• श्रव्य माध्यम<br>• ध्वनियों का विशेष महत्त्व<br>• सबकुछ संवादों व ध्वनि प्रभावों के माध्यम से ही संप्रेषित होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| 9 | 9 | 13 | 14 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X3=6 |
| | (i)(क) | (i)(क) | (i)(क) | कारण -<br>▯ फौन्ट की समस्या<br>▯ एक की-बोर्ड का न होना<br>▯ डायनामिक फौंट की अनुपलब्धता<br>▯ माइक्रोसॉफ्ट, वेबदुनिया के बनाए यूनिकोड फौन्ट का लोकप्रिय न होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>आवश्यकता -<br>▯ बेलगाम फौंट संसार पर नियंत्रण लगाना<br>▯ की बोर्ड का मानकीकरण करना | 1½+1½=3 |
| | (ii)(ख) | (ii)(ख) | (ii)(ख) | मुद्रित माध्यम -<br>▯ मुदित माध्यम में छपे हुए समाचार का पढ़ा जाना<br>▯ समय-सीमा का ध्यान<br>▯ प्रचलित संक्षिप्ताक्षरों का प्रयोग<br>▯ व्याकरण वर्तनी, भाषा व शैली पर ध्यान<br>▯ प्रचलित भाषा का प्रयोग<br>▯ रेडियो, टी.वी समाचार का दिन भर चलना<br>▯ डेडलाइन समाचारों का आपस में गुथा होना<br>▯ रेडियो / टी वी समाचार वाचक हेतु टाइप कॉपी का साफ-सुथरी ट्रिपल स्पेस में होना<br>▯ गैर जरूरी विशेषणों, तत्सम शब्दावली वाले शब्दों से बचना<br>▯ सरल, स्पष्ट, आम बोलचाल की भाषा<br>▯ श्रोता के पास मुड़कर वापस आने की सुविधा न होना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | (ii)(ग) | (ii)(ग) | (ii)(ग) | ▯ धन (अर्थ) जीवन का मूल आधार<br>▯ रोजमर्रा से लेकर विशेष काम तक आर्थिक, लाभ-हानि, नफा-नुकसान की बात<br>▯ पाठकों की रुचि<br>▯ कारोबार, व्यापार जगत व्यापक<br>▯ बजट में रुचि<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| 10 | 10 | 7 | 7 | पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर<br>(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित) | 2X3=6 |
| | (क) | - | - | ▯ बात और भाषा का सीधा संपर्क | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | • उपयुक्त शब्दों का प्रयोग करना<br>• जटिल आडंबरपूर्ण शब्द प्रभावहीन<br>• भाषा की जटिलता, बनावटीपन पर व्यंग्य<br>• व्यर्थ के पर्यायवाची या समानर्थी शब्दों का भाव का (अर्थ) खो देना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | |
| | (ख) | - | - | • कार्यक्रम में करुणा का खोखला प्रदर्शन करना<br>• मीडिया कर्मी का कार्यक्रम के प्रचार व धन के लिए करुणाहीन होना<br>• समाज सेवा की अपेक्षा कार्यव्यापार की चिंता के कारण करुणा, संवेदना को व्यवसाय की वस्तु बनाना<br>• मीडिया कर्मी का स्वयं को समर्थ शक्तिवान मानना व सामने वाले को दुर्बल समझने का दंभ भरना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | (ग) | - | - | • काव्य-कृति की रचना का बीज बोने से लेकर फसल के कटने तक कई चरणों से गुजरना<br>• कागज के पन्ने रूपी खेत में भावनाओं रूपी आँधी के प्रभाव से क्षण बोना कल्पना रूपी रसायन से बीज का विगलित होना<br>• शब्द रूपी अंकुर फूटना<br>• धीरे धीरे पल्लवीत पुष्पित होते हुए कवि कर्म की कालजयी फसल तैयार होना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| | - | (क) | - | • बात का निरर्थक और उद्देश्य हीन हो जाना<br>• बात बनने की अपेक्षा बिगड़ जाना<br>• कथ्य का जटिल हो जाना<br>• जबरदस्ती करने पर भाषा की अभिव्यक्ति की धार का कम हो जाना<br>• भाषा की जीवंतता नष्ट हो जाना<br>(कोई तीन बिन्दु अपेक्षित) | 3 |
| | - | (ख) | - | • साक्षातकारकर्ता की संवेदनहीनता, अमानवीय कार्यशैली का चित्रण<br>• मीडिया कर्मी का स्वयं को समर्थ शक्तिवान मानना व सामने वाले को दुर्बल समझने का दंभ भरना<br>• सामाजिक उद्देश्य के कार्यक्रम के नाम पर व्यावसायिक उद्देश्य को प्रधानता देना।<br>• बात का प्रभावहीन हो कर उसकी मारक क्षमता का समाप्त | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | हो जाना।<br>(कोई तीन बिन्दु अपेक्षित) | |
| | - | (ग) | - | समानता -<br> काव्यकृति की रचना कृषि कर्म के बीज बोने से लेकर पौधे के पुष्पित होने के समान<br> दोनों में पहले बीज बोकर, खाद-पानी दिया जाना<br> दोनों में ही अंकुरीत एवं पल्लवित-पुष्पित होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>विविधता -<br> खेती का संबंध शारीरिक श्रम से, कवि कर्म का मानसिक<br> खेती की फसल खत्म हो जाती है, कविता रूपी अक्षय पात्र में अलौकिक रस का होना | 1½+1½=3 |
| | - | - | (क) | प्रयास -<br> कठिन शब्दों के जाल में फंसकर साधारण बात को पेचीदा करना<br> कई प्रकार के भाषा और अलंकार संबंधी प्रयोग करना<br>परिणाम -<br> बात का प्रभावहीन होकर उसकी मारक क्षमता का समाप्त होना<br> अभिव्यक्ति की धार का कम होना | 1½+1½=3 |
| | - | - | (ख) | नहीं, समाज पूर्ण रूप से ऐसा नहीं<br>अंतर -<br> कहीं-कहीं अन्य कारणों से लोगों में संवेदनहीनता का दिखना<br> सच्चे हृदय के लोगों का दूसरों के सुख-दुख में शामिल होना<br> परेशानी में साथ खड़े होना<br> अपवाद हर जगह<br>उदाहरण - कोरोना महामारी<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(छात्रों के अन्य विचार भी स्वीकार्य) | 1+2=3 |
| | - | - | (ग) |  कागज रूपी खेत में भावनाओं रूपी आँधी का बीज बोना<br> कल्पना रूपी रसायनों को पीकर बीच का गलना<br> शब्दों के अंकुर फूटना<br> पल्लवित-पुष्पित होकर फल लगना<br> अलौकिक रस की धाराएँ फूटना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| 11 | 11 | 8 | 8 | (किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित) | 2x2=4 |
| | (क) | - | - | काले बादलों पर ऊँची उड़ती बगुलों की श्वेत पँक्ति का अनुपम सौंदर्य का आकर्षण<br>कवि का मंत्र-मुग्ध हो आत्मविस्मृत होना | 2 |
| | (ख) | - | - | कविता में अट्टालिकाएँ शोषक वर्ग के निवास स्थान के रूप में चित्रित<br>अट्टालिकाएँ आतंक का पर्याय<br>इनमें शोषण के नए तरीकों की खोज<br>शोषण से अर्जित संपत्ति का संग्रह केंद्र<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | (ग) | - | - | कपास की तरह उनके शरीर भी हल्के व लचीले होना<br>बच्चों की भावनाओं का कपास के समान स्वच्छ होना<br>बच्चों में नरमी, लोच और कोमलता जन्मजात होना<br>उनमें कपास जैसी श्वेत, कोमल व पवित्र भावनाओ का होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (क) | - | काले बादलों में उड़ते सफेद बगुलों का अनुपम सौंदर्य व आकर्षण में कवि का बँधना<br>कवि का आत्मविस्मृत स्थिति तक पहुँचना | 2 |
| | - | (ख) | - | क्रांति रूपी बादलों का आगमन जीवनदायी और सुखद होना<br>सुख-समृद्धि का कारक होना<br>निर्धन वर्ग को समानता का अधिकार देना<br>अत्याचार से मुक्ति का प्रतीक होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (ग) | - | पतंग उड़ाते हुए बच्चों के शरीर का पेड़ की डाली की तरह लचीलापन<br>शरीर की लोच के कारण कहीं से भी झुक जाना<br>पतंग उड़ाते इधर-उधर दौड़ते भागते बच्चों का डाली की तरह झूमना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (क) | आकाश में उड़ते बगुलों की पंक्ति को मंत्र मुग्ध होकर देखते रहने की चाह<br>संध्या समय के कजरारे बादलों के मध्य तैरते पक्तिबद्ध बगुलों के सौन्दर्य की माया में कवि का बँध जाना | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | - | - | (ख) | प्रतीक - क्रांति (परिवर्तन) का प्रतीक<br>प्रभावित वर्ग -<br>• शोषित और शोषक दोनों वर्ग प्रभावित | 1+1=2 |
| | - | - | (ग) | • खतरों का सामना करके बच्चों का और भी निडर हो जाना<br>• विपत्ति और कष्ट का सामना साहसपूर्वक करना<br>• बच्चों में नई ऊर्जा, उत्साह व आत्मविश्वास का पनपना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| 12 | 12 | 9 | 9 | दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X3=6 |
| | (क) | - | - | • मेंढक मंडली कहने के कारण<br>• लड़कों के नग्न स्वरुप, उनकी उछल-कूद, शोर-शराबे से चिढ़ना<br>• लेखक द्वारा विरोध के कारण इसे अंधविश्वास मानना<br>• आर्य समाजी संस्कार और कुमार-सुधार सभा का उपमंत्री होने के कारण जल की बर्बादी समझना<br>• मेहनत से एकत्रित किया पानी इंद्र सेना पर फेंकना बुद्धिमानी न मानना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | (ख) | - | - | चित-पराजय/हार<br>संदर्भ -<br>• संघर्षों से विचलित न होना<br>• दंगल में सभी विपक्षियों को पराजित करना<br>• महामारी से लड़ते हुए गाँव को प्रेरित करना<br>• पारिवारिक संकटों, पुत्रों की मृत्यु के बाद भी हार न मानना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | (ग) | - | - | लहक उठना - कुछ समय के लिए खिलना, फूलना व सौंदर्य बिखेरना<br>• दीर्घ जीवन की अपेक्षा अल्प जीवन के सदुपयोग का महत्व<br>• स्व के लिए जिया हुआ दीर्घ जीवन भी व्यर्थ न होने से कुछ होना बेहतर | 1+2=3 |
| | - | (क) | - | • जनकल्याण हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं का बनना<br>• योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अपार धनराशि प्रेषित किया जाना<br>• जन सामान्य की आवश्यकताएँ / स्थिति जस की तस रह जाना | 3 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | - | (ख) | - | आशय -<br>छोटी पूंछ से बिना पूँछ का होना श्रेष्ठ<br>संदर्भ -<br>- आरग्वध और पलाश के फूलों की तुलना शिरीष के फूलों से<br>- आरग्वध, अमलताश में क्रमशः 10 से 15 दिन ही फूलना<br>- शिरीष के फूलों का महीनों खिलना (आषाढ़ से भादों तक)<br>- जेठ की तपती गर्मी में भी फूलों से लदे रहना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+2=3 |
| | - | (ग) | - | हाँ, वर्तमान समय में इन बीमारियों का इलाज संभव<br>(छात्रों के मौलिक एवं तर्कसंगत विचार भी स्वीकार्य) | 3 |
| | - | - | (क) | यह वाक्य जीजी द्वारा इंदरसेना पर पानी डालने के तर्क को सिद्ध करने के संदर्भ में<br>- त्यागपूर्वक दान को श्रेष्ठ मानना<br>- कुछ पाने के लिए कुछ खोना अनिवार्य<br>- जल की बर्बादी नहीं आत्म सुख की प्राप्ति<br>(दूसरे भाग का उत्तर स्वीकार्य) | 2+1=3 |
| | - | - | (ख) | आशय -<br>कबीर दास जी का कथन पलाश के फूलों की तुलना में शिरीष के फूलों की श्रेष्ठता सिद्ध करना<br>उद्देश्य -<br>पलाश व आरग्वध का क्रमशः 10 से 15 दिन ही लहकना व शिरीष का महीनों फूलों से लदा रहना | 1½+1½=3 |
| | - | - | (ग) | - गांव में मलेरिया व हैजा का प्रकोप<br>- चारों ओर मौत का सन्नाटा व्याप्त<br>- प्रकृति का मनुष्य की सहचरी रूप में चित्रण<br>- प्रकृति भी मनुष्य के दुख से दुखी<br>- प्रकृति द्वारा सबको आश्रय देना, अपनी संतान को मृत्यु की गोद में जाते देख आंसू बहाना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | 3 |
| 13 | 13 | 10 | 10 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X2=4 |
| | (क) | - | - | - श्रम विभाजन<br>आधार -<br>- व्यक्ति की योग्यता, रुचि और कार्य कुशलता | 1+1=2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | **(ख)** | - | - | • आदर्श-समाज, स्वतंत्रता, समता, भाईचारे पर आधारित<br>• बहुजन हिताय<br>• गतिशीलता का समावेश<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | **(ग)** | - | - | • मन खाली न हो, लक्ष्य से भरा हो<br>• आवश्कताओं का पूर्ण ज्ञान होना<br>• बाज़ार के आकर्षण से सर्तक रहना<br>• पर्चेजिंग पावर का दुरुपयोग व दिखावा न करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | - | **(क)** | - | बाजार के रूप का जादू लोहे पर चुंबक की तरह<br>कारण -<br>• बाजार की चुंबकीय शक्ति का अपनी ओर खीचना<br>• व्यक्ति का अनावश्यक खरीदारी को आतुर होना<br>• फैंसी चोजों के आकर्षण का ग्राहक को अपनी ओर खीचना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **1+1=2** |
| | - | **(ख)** | - | • उद्योग-धंधों की क्रिया व तकनीक में निरंतर विकास<br>• अकस्मात परिवर्तन के कारण (जैसे - स्थानांतरण)<br>• रुचि आधारित कार्य न मिलना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** |
| | - | **(ग)** | - | नहीं, प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर व व्यवहार मिलना<br>• उत्तम कुल, शिक्षा, पारिवारिक ख्याति, पैतृक संपदा व्यवसायिक प्रतिष्ठा का लाभ सामान्यतः उच्च वर्ग को ही मिलना<br>• इमसे संपूर्ण समाज का विकास न हो पाना | **1+1=2** |
| | - | - | **(क)** | • बाज़ार बोलता नहीं, उसकी चुंबकीय शक्ति का अपनी ओर खिचना<br>• सजी-धजी चीजों का आकर्षित करती मन मे चाह जगाना<br>• 'लूट लों' का आग्रह<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **1+1=2** |
| | - | - | **(ख)** | देश पर प्रभाव -<br>• देश की प्रगति पर असर<br>• आर्थिक विकास की कमी<br>• भुखमरी का कारण<br>• विवशतावश कार्य करने से गुणवत्ता प्रभावित होना<br>• देश की उत्पादकता का प्रभावित होना | **1+1=2** |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | • अर्थव्यवस्था का डगमगाना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित)<br>कारण -<br>• रुचि आधारित कार्य न मिलने पर व्यक्ति की कार्यकुशलता प्रभावित होना<br>• टालू काम करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | |
| | - | - | (ग) | • दासता का अर्थ केवल कानूनी पराधीनता ना होना<br>• दासता वह सामाजिक स्थिति है, जहाँ अपनी इच्छा के विरुद्ध तय कार्य करना, कर्तव्यों का पालन करने के लिए विवश होना<br>• कर्म क्षेत्र चुनने की स्वतंत्रता न होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| 14 | 14 | 11 | 11 | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित | 2X2=4 |
| | (क) | - | - | तर्क - उनका सामर्थ्य मानना<br>• उनके प्रेरक व सर्जक होना<br>• अभिन्न रूप से जुड़े होना<br>(छात्रों के अन्य तर्क संगत विचार भी स्वीकार्य)<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | - | - | • प्रभावशाली व्यक्तितत्व<br>• शिक्षा को महत्व देने वाले<br>• समझदार व्यक्ति<br>• ग्रामीणों के मददगार<br>(किन्हीं दो बिन्दुओ का उत्तर अपेक्षित) | 2 |
| | (ग) | - | - | • घरों का मानव निर्मित टीलों पर बना होना<br>• बड़ी बस्ती के घरों के आंगन खुले व बड़े होना<br>• दीवारें ऊँची व मोटी, एक ही आकर की पक्की ईंटों का प्रयोग<br>• सड़क के दोनों ओर घर, किसी भी घर का दरवाजा मुख्य सड़क पर न खुलना<br>• जल निकासी की उचित व्यवस्था<br>• गलियों से होकर घर में प्रवेश<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | (क) | - | • जीवन मूल्यों में विघटन<br>• पुरानी पीढ़ी नए बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाना | 2 |

| प्रश्न सं | प्रश्न पत्र गुच्छ संख्या | | | उत्तर संकेत /मूल्य बिंदु | निर्धारित अंक विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2/5/1 | 2/5/2 | 2/5/3 | | |
| | | | | युवा पीढ़ी का आत्मकेंद्रित होना<br>नयी पीढ़ी का वैचारिक द्वंद्वो के संक्रांति काल से गुजरना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | |
| | - | (ख) | - | मनुष्य को निरंतर संघर्षरत रहने की प्रेरणा देना<br>समस्या से ना भागकर आत्मविश्वास के साथ उसका सामना करना | 2 |
| | - | (ग) | - | इतिहास का आँखों के सामने प्रत्यक्ष होना<br>मुअनजों-दड़ो के अवशेषों का जीर्ण-शीर्ण स्थिति में होना<br>सभ्यता व इतिहास का परिचय ही नहीं देकर उसका अनुभव भी करवाना<br>सबसे पुरानी सभ्यता को दर्शाना<br>उनके रहन-सहन, सोने के तरीकों की कल्पना कराना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (क) | महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील होना<br>कम उम्र मे ही आत्मनिर्भर होना<br>घर पर आधुनिक सुख-सुविधाएँ जुटाना<br>माता-पिता की शादी की पच्चीसवीं सालगिरह मनाना<br>उपहार देना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 |
| | - | - | (ख) | स्वयं अशिक्षित होने के कारण शिक्षा के महत्व को न समझना<br>आर्थिक तंगी के कारण अतिरिक्त हाथों से कमाई की लालसा<br>स्कूल जाना समय की बर्बादी मानना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(छात्रों के अन्य तार्किक बिंदु भी स्वीकार्य) | 2 |
| | - | - | (ग) | शांति-प्रिय, अनुशासित सभ्यता<br>राज पोषित न हो कर समाज पोषित व्यवस्था<br>ताकत, प्रभुत्व का दिखावा नहीं<br>समृद्धि पूर्ण सभ्यता<br>(कोई दो बिन्दु अपेक्षित) | 2 |